हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 18 जुलाई 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

4

मुख्यमंत्री ने दोकड़ा में गजपति महाराजा की परंपरा निभाई



## खबर संक्षेप

### विशेष लोक अदालत का आयोजन आज

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार शनिवार, 18 जुलाई 2026 को परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881की धारा 138 के अंतर्गत लंबित चेक अनादरण (चेक बाउंस) प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला एवं तालुका स्तर पर स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। स्पेशल लोक अदालत का उद्देश्य आपसी समझौते के माध्यम से चेक बाउंस से संबंधित विवादों का त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक पक्षकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जशपुर, तालुका विधिक सेवा समिति, कुनकुरी, तालुका विधिक सेवा समिति, बगीचा तथा तालुका विधिक सेवा समिति, पत्थलगांव से संपर्क कर सकते हैं।

### दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए रायपुर में प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय माना कैम्प रायपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। यह प्रवेश श्रवण बाधित न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले विद्यार्थियों के लिए है। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर 2 पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। बीपीए बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स में गायन और तबला वादन संगीत की पढ़ाई होगी जिसके लिए दृष्टि बाधित और अस्थि बाधित विद्यार्थी पात्र हैं। वहीं बीएफए बैचलर ऑफ फाईन आर्ट्स में चित्रकला विषय है जिसके लिए श्रवण बाधित और अस्थि बाधित विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

### जिले में को 84.4 मिमी औसत वर्षा



**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से 17 जुलाई 2026 तक 2569.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 17 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 3537.5 मिमी होती है। बीते दिवस जिले में 84.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैः तहसील जशपुर में 276.0 मिमी, मनोरा में 407.5 मिमी, कुनकुरी में 326.2 मिमी, दुलदुला में 224.6 मिमी, फरसाबहार में 149.7 मिमी, बगीचा में 173.9 मिमी, कांसाबेल में 232.3 मिमी, पत्थलगाँव में 251.7 मिमी, सन्ना में 357.0 मिमी एवं बागबहार में 170.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 407.5 मिमी दर्ज की गई है। 17 जुलाई को सर्वाधिक जशपुर तहसील में 15.8 मिमी वर्षा हुई।

### उद्यानिकी योजनाओं का लाभ लेने पंजीयन अनिवार्य

**जशपुरनगर।** उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित राज्य पोषित योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब किसानों का एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। इसी तरह राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को एमआईडीएच सुरक्षा पोर्टल पर भी ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार फल, सब्जी, मसाला, पुष्प, संरक्षित खेती एवं जैविक खेती से जुड़े व्यक्ति, कृषक समूह एवं अन्य पात्र हितग्राही अपने मोबाइल के माध्यम से स्वयं ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा वे अपने नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र जाकर भी पंजीयन करा सकते हैं। पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए कृषकों के पास आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक खाते का विवरण और बी-1 व खसरा नकल जैसे भूमि संबंधी दस्तावेज होना आवश्यक है।

---

इसी सत्र से शुरू होगी शासकीय मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई

# एनएमसी के सभी मानकों के अनुरूप समय पर पूरी हों व्यवस्थाएं: दुग्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले के लिए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में जशपुर में मेडिकल शिक्षा की पढ़ाई इसी सत्र से होगी। इसी तारतम्य में सरगुजा संभाग के आयुक्त नरेंद्र दुग्गा की अध्यक्षता में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कुनकुरी के संचालन के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रथम स्वशासी समिति (प्रबंधकारी सभा) की बैठक आयोजित हुई।

- 50 एमबीबीएस सीटों के संचालन की तैयारियां तेज

बैठक में मेडिकल कॉलेज के संचालन, अधोसंरचना विकास, मानव संसाधन, वित्तीय प्रबंधन तथा इसी शैक्षणिक सत्र से एमबीबीएस की पढ़ाई प्रारंभ कराने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री रोहित व्यास, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.एसपी कुजूर, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. बीआर सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी, मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आयुक्त नरेंद्र दुग्गा ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कुनकुरी को इसी शैक्षणिक सत्र से 50 एमबीबीएस सीटों के संचालन की अनुमति प्रदान कर दी गई है। आगामी कुछ सप्ताह में काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ होते ही 50 विद्यार्थियों का प्रवेश होगा और नियमित शैक्षणिक गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह मेडिकल कॉलेज जशपुर जिले के साथ-साथ पूरे सरगुजा संभाग के लिए चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे स्थानीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा का अवसर मिलेगा तथा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को भी नई मजबूती प्राप्त होगी।

### सामग्री की शीघ्र होगी खरीदी

बैठक में मेडिकल कॉलेज के लिए आवश्यक रेजिडेंट डॉक्टरों के आवास, वाहन व्यवस्था, हॉस्टल में बेड, फर्नीचर, प्रयोगशाला सामग्री, शैक्षणिक उपकरण तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। आयुक्त श्री दुग्गा ने निर्देश दिए कि सभी आवश्यक सामग्रियों की सूची तैयार कर खरीदी प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए, ताकि मेडिकल कॉलेज के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध रूप से तैयारियां पूर्ण करेंगे, जिससे शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कुनकुरी में इसी शैक्षणिक सत्र से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा का सफल शुभारंभ सुनिश्चित किया जा सके।

### वित्तीय पारदर्शिता पर चर्चा

बैठक में मेडिकल कॉलेज की स्वशासी समिति की नियमावली को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा स्वशासी निधि के बेहतर प्रबंधन पर भी चर्चा हुई। साथ ही आदर्श सेवा भर्ती नियम 2019 संशोधित 2020 को अंगीकार किए जाने पर चर्चा हुई।आयुक्त ने कहा कि संस्थान के सुचारु, पारदर्शी एवं उत्तरदायी संचालन के लिए वित्तीय अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बुक कीपिंग, लेखा-जोखा एवं वित्तीय अभिलेखों का नियमित संधारण सुनिश्चित करने तथा समिति के माध्यम से सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

### मानव संसाधन की उपलब्धता

बैठक में मेडिकल कॉलेज के सफल संचालन के लिए आवश्यक प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, रेजिडेंट डॉक्टर, लिपिकीय स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मचारी, सुरक्षा कर्मी तथा सफाई कर्मचारियों की उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की गई। आयुक्त श्री दुग्गा ने निर्देश दिए कि चिकित्सा शिक्षकीय पदों की पूर्ति की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जाए। वहीं प्रारंभिक चरण में आवश्यक लिपिकीय, पैरामेडिकल, सुरक्षा एवं सफाई कर्मियों की व्यवस्था प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए अनुभवी कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाए।

### प्रारंभिक व्यवस्था

बैठक में बताया गया कि मेडिकल कॉलेज के स्थायी भवन के निर्माण तक झरगांव स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज, छात्रावास परिसर, जिला अस्पताल, मातृ एवं शिशु अस्पताल तथा क्रिटिकल केयर यूनिट में मेडिकल कॉलेज का संचालन किया जाएगा। वहीं स्थायी परिसर के लिए चराईडांड, मयाली एवं खंडसा ग्राम पंचायतों में भूमि का चिन्हांकन एवं आबंटन किया जा चुका है। आयुक्त ने पॉलीटेक्निक कॉलेज की उपलब्ध अधोसंरचना, भवन, छात्रावास तथा अन्य परिसंपत्तियों की जानकारी लेते हुए मेडिकल कॉलेज संचालन के अनुरूप आवश्यक सुधार एवं निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेडिकल कॉलेज से जुड़े सभी निर्माण एवं अधोसंरचना संबंधी कार्य राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई निर्धारित समय पर शुरू हो सके। बैठक में डीन डॉ. एसपी कुजूर ने लेक्चर हॉल, डाईसेक्शन हॉल, प्रयोगशालाएं, लाइब्रेरी, प्रैक्टिकल कक्ष तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आवश्यक सुधार एवं निर्माण कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं और जल्द ही सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएंगी।

---



## मुख्यमंत्री ने बगिया में सुनी आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने गृह ग्राम बगिया में गुरुवार देर रात तक जनदर्शन आयोजित कर आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, किसान तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर पहुंचे।

- आवेदनों के त्वरित एवं गंभीर निराकरण के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर उनका शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं आम नागरिकों की सुविधा, विकास और जीवन स्तर में सुधार के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। इसलिए प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी ढंग से पहुंचना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में संवेदनशीलता, जवाबदेही और तत्परता के साथ कार्य करें, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही सुशासन की पहचान है। जनदर्शन के दौरान प्राप्त कई आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर ही समाधान किया गया। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए तथा जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार जनता के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह, अन्य विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

## नाबालिग के अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नाबालिग के अपहरण एवं दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय ने 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा दी है।

जानकारी के अनुसार 19 जनवरी 2023 को 14 वर्षीय नाबालिग पीड़िता के पिता ने थाना सन्ना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग पुत्री 18 जनवरी 2023 की सुबह घर से नहाने जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन नहीं लौटी। परिजनों द्वारा गांव, आसपास के क्षेत्रों एवं रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की गई, किन्तु उसका कोई पता नहीं चला। इसी दौरान घर में रहकर बैल-बकरी चराने वाला युवक सुखदेव राम भी गांव से गायब था, जिससे उस पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का संदेह हुआ। शिकायत के आधार पर थाना सन्ना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद किया। जांच में आरोपी द्वारा नाबालिग के साथ अपराध करना प्रमाणित पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विवेचना पूर्ण होने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 363, 366 क, 376 (3) भारतीय दण्ड संहिता एवं धारा 6 पॉक्सो अधिनियम के तहत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण की सुनवाई के उपरांत अपर सेशन न्यायधीश एफटीसी, विशेष न्यायालय (पॉक्सो) जनार्दन खरे ने आरोपी सुखदेव राम को दोषी करार देते धारा 363 भा.दं.सं. में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000 अर्थदण्ड। धारा 366क भा.दं.सं. 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000 अर्थदण्ड।





थाना सन्ना पुलिस की प्रभावी विवेचना एवं न्यायालयीन कार्रवाई से आरोपी पर हुआ दोषसिद्ध

धारा 376 (3) भा.दं.सं. 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2,000 अर्थदण्ड। धारा 6 पॉक्सो अधिनियम 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2,000 अर्थदण्ड की सजा सुनाई। न्यायालय ने आदेशित किया कि आरोपी को दी गई सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

---

## जिपं सीईओ ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कार्यों की गुणवत्ता पर जोर, लापरवाही पर होगी कार्रवाई



मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अभिषेक कुमार ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में विकसित भारत ग्राम पंचायत, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में सभी जनपद पंचायतों के प्रधानमंत्री आवास योजना के विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने वीबीजीरामजी के अंतर्गत ग्राम पंचायत विकास योजना, एमआईएस की प्रगति, ग्राम पंचायतों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा निर्धारित समय-सीमा में सभी गतिविधियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों के प्रगतिरत कार्यों को प्राथमिकता में लेकर पूरा करावे, ऐसे कार्य जो बारिश के मौसम में कराए जा सकते है उनमें श्रमिक नियोजित कर रोजगार उपलब्ध कराए। सभी पंचायतों में कार्य चले, जिसके लिए सभी अधिकारी/कर्मचारी समन्वय के साथ कार्य करें। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्वीकृत आवासों का समयबद्ध निर्माण, लंबित आवासों की पूर्णता, जियो-टैगिंग, किस्त भुगतान एवं हितग्राहियों को नियमित तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर आवास उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के संचालन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता गतिविधियों तथा ग्राम पंचायतों में स्वच्छता बनाए रखने की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को जनभागीदारी बढ़ाते हुए स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित टैक्स की वसूली और समर्थ पोर्टल पर एंट्री हेतु निर्देशित किया गया एवं ग्राम पंचायत में पंजीकृत टैक्स जमाकर्ता के आधार पर शत प्रतिशत टैक्स जमा करने हेतु जोर दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि ये सभी योजनाएँ ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। इनका प्रभावी क्रियान्वयन शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने सभी विकासखंडों को नियमित मॉनिटरिंग, फील्ड निरीक्षण एवं प्रगति की सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए ताकि निर्धारित लक्ष्यों की समय-सीमा में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जा सके।

---

### ई-ऑफिस से लेकर राजस्व प्रकरणों तक आयुक्त ने परखी प्रशासनिक व्यवस्था

**जशपुरनगर।** सरगुजा संभाग के आयुक्त नरेंद्र दुग्गा ने कलेक्टोरेट कार्यालय जशपुर की विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ई-ऑफिस के प्रभावी संचालन, राजस्व एवं राहत प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण तथा आम नागरिकों को डिजिटल सेवाएं निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर रोहित व्यास, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, उप आयुक्त शारदा अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। निरीक्षण की शुरुआत आयुक्त श्री दुग्गा ने कलेक्ट्रेट की अधीक्षक शाखा से की। यहां उन्होंने ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से संचालित होने वाली फाइलों की प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा अधिकारियों से इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

### कलयुगी बेटे ने लकड़ी से पीटकर की पिता की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** जिले केमरयनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत कलिया में पारिवारिक विवाद के दौरान एक कलयुगी बेटे ने एक दर्दनाक घटना को अंजाम दे दीया है।

थाना नारायणपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत कलिया में शराब के नशे में धुत एक युवक ने अपने ही पिता की जलाऊ लकड़ी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कलिया निवासी बंधु राम उम्र 52 वर्ष बुधवार शाम करीब 5 बजे घर में अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद कर रहे थे। इसी दौरान उनका बड़ा बेटा पूना राम शराब के नशे में घर पहुंचा। माता-पिता के बीच हो रहे विवाद को देखकर वह गुस्से में आ गया।और पूना राम ने घर में रखी जलाऊ लकड़ी उठाकर अपने पिता के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से बंधु राम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही नारायणपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पूना राम को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। वहीं इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल है।

---

जनता त्रस्त, ठेकेदार और विभाग की लापरवाही उजागर

## 40 करोड़ की स्वीकृति के बाद भी कोतबा-बागबहार मार्ग पर गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा



शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं और विकास के दावों के बीच कोतबा-बागबहार मार्ग की दुर्दशा ने विभागीय उदासीनता और ठेकेदार की मनमानी की पोल खोल दी है। लगभग 13 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के लिए 40 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुए 9 महीने बीत चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने के बजाय सड़क की स्थिति बद से बदतर हो गई है।

पहली बारिश ने विभाग के उन दावों की कलई खोल दी है, जिसमें सड़क को चलने योग्य बनाए रखने का आश्वासन दिया गया था। वर्तमान में स्थिति यह है कि पूरे मार्ग पर घुटने भर कीचड़ और बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। यह सड़क जिला मुख्यालय और ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाली इकलौती जीवन रेखा है, जिससे रोज़ाना हज़ारों मालवाहक वाहनों, सवारी बसों के साथ-साथ ओड़िशा और झारखंड जैसे राज्यों को जाने वाले यात्री गुज़रते हैं। मानसून की पहली बारिश के बाद पूरा सड़क मार्ग दलदल में तब्दील हो चुका है, जिससे आम लोगों का घर से निकलना भी दूभर हो गया है। स्कूली छात्र-छात्राओं और मरीज़ों के लिए तो यह रास्ता किसी आपदा से कम नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग ने गड्ढों को भरने के नाम पर केवल खानापूर्ति की है। सड़क के किनारे की मिट्टी और 40 एमएम की निम्न स्तर की गिट्टी का उपयोग कर सड़क को और अधिक जोखिम भरा बना दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण में देरी का मुख्य कारण प्रशासनिक लापरवाही और ठेकेदार की सुस्ती है। अतीत में विभागीय अधिकारियों ने 'डीज़ल की किल्लत' और 'ईंधन की कीमतों' को निर्माण में बाधा बताया था। लेकिन अब जबकि स्थितियां सामान्य हैं, तब भी काम शुरू नहीं करना विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस पूरे मामले पर जब लोक निर्माण विभाग के एसडीओ, संतोष पैंकरा से दूरभाष पर प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव करना भी उचित नहीं समझा, जिससे विभाग की जवाबदेही पर सवाल उठना लाज़मी है। हालांकि, पत्थलगांव के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ऋतुराज बिसेन ने ⏭ शेष पेज 4 पर

---

## छत्तीसगढ़ प्रदेश विद्यालयीन शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश विद्यालयीन शिक्षक संघ ने एक बार फिर यह साबित किया है कि संगठन केवल सदस्यता तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षक हितों की लड़ाई को शासन के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रिय है।

- प्रदेशभर में शिक्षक हितों के लिए तेज हुआ अभियान

इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष धर्मदास बंजारे के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने लोक शिक्षण संचालनालय एवं स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, नवा रायपुर को प्रदेश के शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित 10 सूत्रीय विस्तृत ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति (पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर) समुदाय के सहायक शिक्षकों को विभागीय डीएड प्रशिक्षण शासन द्वारा कराए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। संघ ने कहा कि वर्तमान में विभागीय डीएड प्रशिक्षण में वरिष्ठता के आधार पर सीमित चयन होने के कारण अनेक शिक्षक प्रशिक्षण से वंचित रह जाते हैं, जबकि नियुक्ति के समय शासन ने उन्हें सेवा का ⏭ शेष पेज 4 पर






# हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम

**प्रथम पुरस्कार**
वाशिंग मशीन





रजनी कौशिक

**द्वितीय पुरस्कार**
इंडक्शन





कामिनी पटेल

**तृतीय पुरस्कार**
मिक्सर ग्राइंडर





काव्या कौशिक

**चतुर्थ पुरस्कार**
इलेक्ट्रिक आयरन





पूजा सिन्हा

## विशेष पुरस्कार



रेखा वर्मा



दिव्यांशी थवाईत



अदिती खरे



यूविका कश्यप



अपूर्वा कौशिक

## सांत्वना पुरस्कार जिला-कोरबा



दिशीता सपहा, अमृता देवांगन, सरला पांडेय, मालती सराफ, शिल्पी उपाध्याय, सपना श्रीवास, श्रुति सोनी, आशमा खातून, रेनू कैवर्त, शांति बाई

## सांत्वना पुरस्कार जिला-सरगुजा



अभिलाषा सिन्हा, पूनम विश्वकर्मा, सोनल श्रीवास्तव, आशा सिन्हा, शैली सिन्हा, संस्कृति श्रीवास्तव, कविता सराठे, दीपा गुप्ता, मौसम, पूजा गोयल

## सांत्वना पुरस्कार जिला-जांजगीर



दीपिका श्रीवास, चमेली साहू, कामिनी जायसवाल, सीता बाई साहू, आभा शुक्ला, फिंगेश्वरी आदित्य, आकांक्षा साहू, सोनाली जायसवाल, बबली साहू, भारती साहू

## सांत्वना पुरस्कार जिला-कोरिया



दीपिका चाँद, परिभाषिका, दीपा यादव, धनेश्वरी, खुशबू देवी, रेखा उपाध्याय, संजू ठाकुर, जसीना खातुन, प्रियंका सिंह, राजकुमारी यादव

## सांत्वना पुरस्कार जिला-रायगढ़



नीलम सिंह ठाकुर, नीता सारथी, सरस्वती चौहान, शोभा ठाकुर, अर्पणा राय

**पुरस्कार वितरण की सूचना अतिशीघ्र दी जाएगी... पढ़ते रहिए हरिभूमि...**

## खबर संक्षेप

### शानू कश्यप बने एमसीबी के भाजपा युवा मोर्चा प्रभारी



**अंबिकापुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश महामंत्री व मोर्चा प्रभारी अखिलेश सोनी के सहमति से भाजयुमो छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टीकरिहा द्वारा संभाग प्रभारी जिला प्रभारियों की घोषणा की गई। इस दौरान शानू कश्यप प्रदेश कार्यसमिति सदस्य को एमसीबी जिले का प्रभारी नियुक्त करते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शानू कश्यप लम्बे समय से भाजपा युवा मोर्चा के सक्रिय नेता के साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय है। शानू कश्यप को सामाजिक कार्यों के लिए सन 2019-20 में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा पुरुष्कृत भी किया गया है। शानू पूर्व में भाजयूमो के सरगुजा जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख, नगर कोषाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी निभा चुके है।

### ढाई साल पुरानी रील पर पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**अंबिकापुर।** मैनपाट में रील बनाने के एक ढाई साल पुराने मामले में सरगुजा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के साथ ही स्टंट बाजी करने के मामले में पुलिस ने प्रकाश साहू के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बता दें कि मैनपाट के कमलेश्वरपुर पुलिस द्वारा शहर के दर्रीपारा निवासी प्रकाश साहू के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोप है कि 10 जुलाई को पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि मैनपाट में सीजी 04 एच 2405 वाहन खुली जीप में कुछ लोगों द्वारा खतरनाक तरीके से यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। जीप के चालक प्रकाश साहू द्वारा खतरनाक ढ़ग से वाहन को चलाकर रास्ते में आने जाने वाले राहगीर सहित अन्य वाहन चालकों तथा आमजनता के जीवन सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न करने लगा। इस स्टंट बाजी का वीडियो पुलिस को उपलब्ध कराया गया। ऐसे में इस वीडियो के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 281,125 व एमवी एक्ट की धारा 184 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। हालांकि यह पूरा मामला 2 जनवरी 2024 का बताया जा रहा है जिसमें प्रकाश साहू और उनके साथियों ने मैनपाट में एक रील बनाया था। अब इसी रील को आधार बनाकर पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई है।

### 18 माह से आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का नियुक्ति अधर में लटका

**लखनपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय के द्वारा 18 माह पूर्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के 21 पद हेतु नियुक्ति विज्ञापन जारी किया गया था। विकासखंड लखनपुर के विभिन्न ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का कुल 21 पद हेतु कल 240 लोगों द्वारा फार्म जमा किया गया था। पिछले 18 महीना से विभाग द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ किया गया है लेकिन आज तक नियुक्ति नहीं किया गया जिससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्ति देरी होने से लोग परेशान है। इस नियुक्ति प्रक्रिया में चार समिति सदस्य के रूप में परियोजना अधिकारी,स्वास्थ्य विभाग बीएमओ, खंड शिक्षा अधिकारी एवं जनपद सीईओ द्वारा आवश्यक दस्तावेजों का जांच के बाद पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाता है। लेकिन आज तक नियुक्ति नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि महिला बाल विकास में पदस्थ लेखापाल एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा जांच में कई अभ्यर्थियों का आवश्यक दस्तावेज को काट छांट किया गया है जिसमें ग्राम पंचायत गोरता झावर पारा अभ्यर्थी श्रीमती सोनमती पति स्व. पंचराम द्वारा फार्म जमा किया गया था। इसके बावजूद भी जांच में यह बताया गया है कि आठवीं के अंक सूची के अंक तालिका में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रमाणित हस्ताक्षर नहीं कराया गया है। जबकि अभ्यर्थी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी और प्रधान पाठक द्वारा प्रमाणित हस्ताक्षर कराकर के रिजल्ट जमा किया गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत केवरा के पूर्व सरपंच शैलेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि नियुक्ति प्रक्रिया में भारी अनियमितता किया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका की नियुक्ति प्रक्रिया को जानबूझकर लंबा खींचा जा रहा है ताकि अपने चहेते व्यक्तियों का नियुक्ति कराया जा सके। पूर्व सरपंच शैलेंद्र द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है ताकि निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द नियुक्ति आदेश जारी किया जा सके।

### आयुष विभाग द्वारा आयोजित किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**सीतापुर।** गंभीर रोगों से बचाव एवं जनजागरूकता अभियान के तहत संचालक आयुष के आदेशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशिबाला जायसवाल के निर्देशानुसार बुधवार को साप्ताहिक बाजार में विकास खंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी डॉ एए अंसारी एवं उपस्थित चिकित्सकों द्वारा आयुष विभाग में शासन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों तथा आयुर्वेद के अनुसार आहार विहार दिनचर्या ऋतुचर्या को अपना कर गंभीर रोगों से बचाव के उपाय बताए गए। इस दौरान शिविर में वात रोग, चर्मरोग, उदर रोग, मधुमेह, स्त्रीरोग, रक्तचाप आदि के 386 रोगी पहुंचे जिनका निःशुल्क उपचार करते हुए उन्हें रोग अनुसार दवा प्रदान की गई। शिविर में डॉ. श्रीमती आशा टोप्पो, डॉ. अमरनाथ ऊंजन, डॉ. मनीषा कंवर, डॉ. संतोष टोप्पो, फार्मासिस्ट राजेंद्र केरकेट्टा, सुनीता एक्का, सेवती भानु सिदार, महिपाल, औषधालय सेवक हरिराम राजेश कुमार, एम पीडब्ल्यू देवेश सिदार ने अपनी सेवाएँ दी।

## किसान महंगा दर पर खरीदने को मजबूर

# दुकानों में धड़ल्ले से बिक्री की जा रही अनाप-शनाप दर पर खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

**खास बात**

- शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

खेतों में जहां कुछ किसान धान रोपाई की तैयारी में है जबकि कई किसान धान रोपाई के लिए थरहा लगा रहे है तो वहीं मक्का की फसल अब विकसित होने लगे है। ऐसे में धान व मक्का की पैदावार अच्छी हो इसके लिए फसल में खाद की जरूरत है। इधर दुकान संचालकों द्वारा एकाएक खाद की कीमत बढ़ा देने से किसान परेशान है। शासन के निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद बिक्री करने की शिकायत किसानों ने प्रशासन से की परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से दुकान संचालकों के हौसले बुलंद है।

लखनपुर क्षेत्र में खरीफ सीजन के दौरान क्षेत्र में खाद, बीज एवं कृषि दवाइयों की बिक्री तेज हो गई है, लेकिन किसानों को महंगे दामों पर सामग्री मिलने और नकली उत्पादों की आशंका से चिंता बढ़ गई है। किसानों का आरोप है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कई दुकानों में निर्धारित दरों से अधिक कीमत पर खाद-बीज बेचे जा रहे हैं, जबकि गुणवत्ता की जांच और निगरानी के लिए जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की सक्रियता नजर नहीं आ रही है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में खाद-बीज की कई दुकानें संचालित हो रही हैं, वहीं कुछ स्थानों पर खुले तौर पर भी कृषि सामग्री की बिक्री की जा रही है। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण, जांच या छापामार कार्रवाई नहीं किए जाने से दुकान संचालक के हौसले बुलंद है।

किसानों का आरोप है कि पूर्व में भी लखनपुर क्षेत्र में नकली खाद और बीज की बिक्री के मामले सामने आ चुके हैं। बावजूद इसके किसी प्रकार की सख्त कार्रवाई नहीं करना समझ से परे है। शासन की अनदेखी और कृषि विभाग की उदासीनता रवैया के कारण यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है जिसका खामियाजा क्षेत्र के किसानों को भुगतना पड़ रहा है।




खाद-बीज दुकान।

#### पड़ रहा अतिरिक्त भार

किसानों ने बताया कि नगर सहित आसपास गांव में खुले आम खाद की कीमत बढ़ा कर बिक्री की जा रही है। किसानों के अनुसार वे खेती के लिए समिति, बैंक अथवा निजी स्रोतों से ऋण लेकर बीज, खाद और दवाइयां खरीदते हैं। ऐसे में यदि उन्हें निम्न गुणवत्ता या नकली उत्पाद मिल जाएं तो पूरी फसल प्रभावित हो जाती है। फसल उत्पादन घटने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और ऋण चुकाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शासन के निर्धारित दर से ज्यादा कीमत पर खाद बेचने के बावजूद आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे किसानों को अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

#### जांच व कार्रवाई की मांग

किसानों का आरोप है कि कुछ दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद-बीज बेच रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा दुकानों की नियमित जांच, स्टॉक सत्यापन एवं मूल्य सूची का पालन सुनिश्चित कराया जाए ताकि किसानों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध हो सके। इस वर्ष मौसम की अनिश्चितता पहले से ही किसानों की चिंता बढ़ा रही है। ऐसे में यदि खाद-बीज की गुणवत्ता और कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो किसानों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं। किसानों ने प्रशासन एवं कृषि विभाग से क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाकर दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

#### कराई जाएगी जांच

क्षेत्र के दुकानों में नकली खाद और महंगे दाम पर खाद बिक्री की जा रही है तो स्टाफ भेज कर जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत नकली खाद व महंगे दाम पर खाद बिक्री करते पाए जाने पर दुकान संचालक के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। किसान जो भी खाद बीज लेता है तो दुकानदार से रसीद अवश्य ले।

-पीतांबर सिंह दीवान
कृषि विभाग उप संचालक

## शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जिले में शाला प्रवेशोत्सव, शिक्षा की गुणवत्ता, स्कूलों एवं छात्रावास की व्यवस्था तथा आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की वीएसके ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति तथा विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों की नियमित ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करवाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन विद्यालयों में वीएसके ऐप में तकनीकी समस्या आ रही है, वहां पुनः लोकेशन मैपिंग कर समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं प्रोग्रामरों को दिए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने, बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षकों द्वारा अभिभावकों की काउंसलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने, बच्चों की बेसिक नॉलेज मजबूत करने तथा नवाचारों के माध्यम से शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। बैठक में विद्यालय भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नवीन भवनों का निर्माण शीघ्र पूरा करने तथा मरम्मत योग्य भवनों का प्राथमिकता के आधार पर सुधार कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालयों या छात्रावासों में पेयजल, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां सोलर आधारित बिजली व्यवस्था स्थापित है, वहां किसी भी प्रकार की खराबी आने पर तत्काल सूचना देकर मरम्मत कराई जाए। जिन विद्यालयों में बिजली व्यवस्था उपलब्ध नहीं है या बाधित है, वहां की रिपोर्ट तैयार कर क्रेडा विभाग के समन्वय से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने देवगुड़ी निर्माण, छात्रावास में आवश्यक सुविधाओं, आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति तथा छात्रावास की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रावासों में किचन, बेड, दरवाजे, खिड़कियां एवं भवनों की स्थिति बेहतर रखी जाए तथा पानी के रिसाव जैसी समस्याओं का निराकरण किया जाए। वर्षा ऋतु को देखते हुए छात्रावास एवं स्कूलों के भवनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, जर्जर भवनों का उपयोग पूरी तरह बंद रखने तथा बच्चों की सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए।

## फर्जी केसीसी ऋण प्रकरण एवं समिति प्रबंधक द्वारा आत्महत्या मामले में निष्पक्ष जांच की मांग



- किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** किसानों के नाम फर्जी केसीसी ऋण प्रकरण एवं दबाव में आकर समिति प्रबंधक द्वारा की गई आत्महत्या का मामला गरमाने लगा है। इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल निराला ने एसडीओपी से मुलाकात की और इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि धान खरीदी वर्ष 2024-25 में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केरजु में 127 किसानों की आड़ में लगभग एक करोड़ 93 लाख का फर्जी केसीसी ऋण मामला प्रकाश में आया था। उक्त फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद दबाव एवं मानसिक तनाव में आये समिति प्रबंधक दिनेश गुप्ता ने आत्महत्या कर ली थी। समिति प्रबंधक द्वारा आत्महत्या के बाद फर्जी केसीसी ऋण मामले में प्रभावित किसानों ने हंगामा मचाते हुए कलेक्टर से मिलकर जांच की मांग की थी।

कलेक्टर ने टीम गठित कर फर्जी केसीसी ऋण प्रकरण की जांच कराई थी। एक महीने तक चले जांच के बाद जांच कमेटी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पेटला के तत्कालीन शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह परिहार समेत आठ लोगो पर थाने में कई धाराओं के तहत अपराध दर्ज कराया गया था। उक्त मामला दर्ज होने के छः महीने बाद मृत समिति प्रबंधक के चचेरे भाई एवं पत्नी ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह परिहार के विरुद्ध राशि गबन का एक और मामला दर्ज कराया है। पीड़ति परिवार ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह परिहार पर मृत समिति प्रबंधक पर दबाव बनाकर 52 लाख रूपए हेराफेरी कर निकाल ली थी। यह मामला प्रकाश में आने के बाद भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल निराला एसडीओपी सीतापुर से मिले और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में जिलाध्यक्ष अनिल निराला का कहना है कि इस मामले में केवल जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक एवं अन्य बैंककर्मी ही नही बड़े अधिकारियों की भी संलिप्तता होगी। क्योकि करोड़ो का ऋण वितरण हुआ और ऋण वितरण के दौरान हुए फर्जीवाड़े की भनक अधिकारियों को न लगी हो ऐसा हो ही नही सकता। जिलाध्यक्ष ने ऋण स्वीकृति से जुड़े समस्त दस्तावेज, ऑडिट रिपोर्ट, डिजिटल अनुमोदन तथा विभागीय पत्राचार की जांच की मांग की है ताकि समिति प्रबंधक के आत्महत्या से जुड़े अन्य अधिकारी कर्मचारियों की भूमिका उजागर हो सके। उन्होंने कहा कि यह मामला केंद्रीय बैंक की शाख, किसानों का भरोसा और उनकी आड़ में किए गए फर्जीवाड़ा एवं सरकारी योजनाओं के राशि का दुरुपयोग का मामला है। ऐसे मामले में अधिकारी कर्मचारीयों के विरुद्ध जांच एवं उनकी संलिप्तता उजागर होने के बाद उनके विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए ताकि भविष्य में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पर किसानों का भरोसा फिर से कायम हो सके। इस संबंध में एसडीओपी राजेंद्र मंडावी ने निष्पक्ष जांच की बात कही है।

## युवा आयोग के अध्यक्ष ने किया हर्राटिकरा में पौधरोपण

- कहा-पंचवटी के रूप में खाली पड़े भूमि को करेंगे विकसित



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर द्वारा ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में पीपल फॉर पीपुल अभियान के तहत सैकड़ो की संख्या में पौधरोपण कर उनके सुरक्षा का संकल्प लिया गया। पौधरोपण के अवसर पर विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा की वृक्षारोपण के साथ उसकी रक्षा तथा उचित देखभाल भी जरूरी है क्योंकि सिर्फ वृक्षारोपण करने से कोई पौधा वृक्ष नहीं बनता। उसकी समुचित देखभाल तथा रखरखाव भी उतना ही आवश्यक है। यह कार्यक्रम वन विभाग की भूमि जो ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में स्थित खाली पड़े भूमि पर किया गया। उसके आसपास लगातार ग्रामीणों के द्वारा भूमि कब्जा किया जा रहा है। उसकी सुरक्षा के लिए कटीले तार से इसकी घेराबंदी की गई तथा साइड में गड्ढे भी खोदकर मवेशियों से सुरक्षा का प्रबंध किया गया। 6 एकड़ से अधिक की इस भूमि में पीपल, बरगद नीम, आम, आंवला के पौधे लगाए गए तथा इसे पंचवटी के रूप में नामकरण भी किया गया। इस दौरान संतोष दास, पार्षद दीपक यादव, एल्डरमैन शरद सिन्हा, श्रीधर केसरी, भाजयुमो प्रदेश आईटी प्रमुख विकास शुक्ला चंदन, मनीष दुबे, पूर्व पार्षद कृष्ण कुमार शर्मा बल्लू, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह, हर्ष जायसवाल, दिगंबर यादव, राजू सिंह, अभिनंदन सिंह, प्रिंस चौबे, अकील साय मराबी, लव दुबे, मुकेश गिरी, दिलीप कश्यप, सुनील चौधरी, प्रेम दास, बड़हा राम, नितेश शरण सिंह आदि उपस्थित रहे।

## शिवनंदनपुर नगर पंचायत में प्रेसीडेंट-इन-काउंसिल का गठन

- अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने सौंपी विभागीय जिम्मेदारियां

**बिश्रामपुर।** हाल ही में संपन्न हुए शिवनंदनपुर नगर पंचायत चुनाव के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल का गठन कर दिया है। अध्यक्ष ने गत 9 जुलाई को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को संबोधित पत्र में पीआईसी सदस्यों की सूची सौंपते हुए विभिन्न समितियों का दायित्व निर्धारित किया।

जारी सूची के अनुसार नगर पंचायत उपाध्यक्ष अंशुल गोयल को पदेन सदस्य के रूप में राजस्व एवं बाजार समिति की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वार्ड क्रमांक 4 की भाजपा पार्षद मंजू गोयल को विधि, सामान्य प्रशासन एवं सामान्य प्रयोजन समिति का सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 12 के भाजपा पार्षद मनी बग्गा को शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।

वार्ड क्रमांक 7 की भाजपा पार्षद अंजली राजवाड़े को आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण एवं जल कार्य समिति की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं वार्ड क्रमांक 5 की कांग्रेस पार्षद विमला सिंह को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य एवं अस्पताल समिति का सदस्य बनाया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने पीआईसी गठन की सूचना संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, अटल नगर (रायपुर) तथा संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, सरगुजा संभाग को भी प्रेषित कर दी है। अध्यक्ष द्वारा घोषित पीआईसी में विपक्ष को भी खासा महत्व दिया गया है।

विपक्ष के दो पार्षदों को पीआईसी में जगह दी गई है। नगर पंचायत में पीआईसी के गठन के साथ ही अब विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के संचालन और प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## हाई स्कूल सोनतरई में मनाया गया शाला प्रवेश

**उदयपुर।** विकासखंड उदयपुर के शासकीय हाई स्कूल सोनतरई में नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साह पूर्वक आयोजित कर बच्चों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक सिंघल एवं विशिष्ट अतिथियों में नवल साय, चंद्रमा सिंह, सुखराम यादव, अशोक बंसल, अमन अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क किताब का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीपक सिंगल ने कहा बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता, अनुशासन तथा शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी। विद्यालय परिवार ने शत-प्रतिशत नामांकन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का संकल्प लेते हुए सभी से शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, अभिभावक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



- नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

### प्रवेश उत्सव में अतिथियों ने किया नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत



**लखनपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमगवां में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगा व मुंह मीठा करा शाला प्रवेश दिलाया। प्राचार्य रमेश सिंह ने शाला की उपलब्धियों और मांगें अतिथियों के समक्ष रखी। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने नवप्रवेशी छात्रों को शिक्षा का जीवन में महत्व बताया तथा विद्यालय में अधिकाधिक उपस्थिति की बात कही। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिंह, उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका यादव ने नवप्रवेशी बच्चों का मार्गदर्शन किया।

## संस्कार से होता है सुसंस्कृत समाज का निर्माण : चिंतामणि महाराज



**डांड़गांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा में जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह, डीईओ दिनेश शर्मा के आतिथ्य एवं जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह की अध्यक्षता में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

समारोह में अतिथियों के स्वागत उपरांत राधिका केसरी ग्रुप, वेदिका केसरी और अंजलि ग्रुप ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान कक्षा नवमी के नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और मिठाई खिलाकर पुस्तकें वितरित की गई। कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य जनार्दन सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.दिनेश झा ने विद्यालय के अनुशासन, शैक्षणिक गतिविधियों और अन्य क्रियाकलापों की सराहना की। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का अह्वान किया। जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह ने विद्यार्थी जीवन में संस्कार और माता-पिता एवं गुरूजनों के सम्मान का महत्व बताया। श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया ने विद्यालय के अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा की। सांसद चिंतामणि महाराज ने विद्या अध्ययन के लिए परिश्रम को अनिवार्य बताया तथा कहा कि बच्चों में संस्कार का होना जरूरी है। इससे सुसंस्कृत समाज का निर्माण होता है। अतिथियों ने पुस्तकालय कक्ष क्षितिज ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। अंत में अतिथियों ने विद्यालय प्रांगण में अशोक के पौधों का रोपण किया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

**खबर संक्षेप**

### स्कूल सामाग्री पाकर बच्चों के खिले चेहरे

**रायगढ़।** सामाजिक संस्था रोटरी क्लब द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल की गई। क्लब के संस्थापक एवं समाजसेवी रोटेरियन पुरुषोत्तम अग्रवाल संजीवनी के विशेष मार्गदर्शन में विगत 14 जुलाई को शहर के सतीगुड़ी चौक स्थित इंदिरा प्राथमिक शाला में स्कूली बच्चों के लिए पुस्तक एवं शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम अध्यक्ष रोटेरियन संजय अग्रवाल, रोटेरियन रोशन अग्रवाल एवं क्लब अध्यक्ष रोटेरियन मनीष जायसवाल के नेतृत्व में संपन्न हुई। बच्चे हुए प्रफुल्लित इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व सचिव रोटेरियन नयन अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के 150 जरूरतमंद बच्चों को बुक, कॉपी, पेन एवं अन्य आवश्यक स्कूली सामग्री का वितरण किया गया। अपनी आवश्यक सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

### किशोरियों को मिलेगा एचपीवी वैक्सीन की सुरक्षा

**रायगढ़।** जिले में सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए 18 जुलाई तक विशेष एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत उन 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हैए लेकिन 15 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की है। यह टीका जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला चिकित्सालय एवं अन्य शासकीय टीकाकरण केंद्रों पर उपलब्ध रहेगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षितए प्रभावी और विश्वसनीय है तथा यह सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

### अब जिले में खुलेंगे पशु औषधि विक्रय केन्द्र

**रायगढ़।** जिले में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र पीएम केएसकी तथा सहकारी समितियों सीएस के माध्यम से जिला एवं विकासखंड स्तर पर एक.एक पशु औषधि विक्रय केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। उप संचालक पशु चिकित्सा से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र एवं सहकारी समितियां पशु औषधि विक्रय केन्द्र स्थापित करने के लिए पात्र होंगी। इसके लिए न्यूनतम 120 वर्गफुट स्थान स्वयं के स्वामित्व में अथवा किराये पर उपलब्ध होना अनिवार्य है।

**पेज 1 का शेष**

### 40 करोड़ की स्वीकृति...

स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा, ₹यह वाकई बदहाल स्थिति है। इस मामले को मैं आगामी मंगलवार को आयोजित होने वाली टीएल बैठक में जिला कलेक्टर रोहित व्यास के समक्ष रखूँगा और इसके त्वरित समाधान के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।₹ कोतबा के निवासियों और युवा नेता आकाश मित्तल,ने का कहना है कि वे बुनियादी सुविधाओं के लिए दशकों से संघर्ष कर रहे हैं। गर्मियों में धूल के गुबार और अब बारिश में कीचड़ के बीच रेंगने को मजबूर जनता का सब्र अब जवाब देने लगा है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। नगर पंचायत कोतबा हमेशा से उपेक्षा का शिकार रहा है। क्या 40 करोड़ की इस परियोजना का लाभ जनता को मिल पाएगा, या यह सड़क महज फाइलों में ही सिमट कर रह जाएगी? यह अब एक बड़ा सवाल है।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश ...

अवसर प्रदान किया है। ऐसे में प्रशिक्षण की व्यवस्था करना भी शासन की जिम्मेदारी है। यदि समय पर प्रशिक्षण उपलब्ध नहीं कराया गया तो अनेक शिक्षकों के नियमितीकरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जो न्यायोचित नहीं होगा। साथ ही ज्ञापन में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, वीएसके ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली की व्यावहारिक समस्याओं का समाधान, पदोन्नति में वरिष्ठता का पालन, केंद्र के समान महंगाई भत्ता, वेतनमान एवं क्रमोन्नत वेतनमान संबंधी स्पष्ट दिशा-निर्देश, शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने, रिक्त समन्वयक पदों पर नियुक्ति तथा डीडीओ व्यवस्था में आवश्यक सुधार जैसी लंबे समय से लंबित मांगों को भी प्रमुखता से रखा गया।

भगवान जगन्नाथ का रथ खींचकर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की

# मुख्यमंत्री ने दोकड़ा में गजपति महाराजा की परंपरा निभाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को विकासखंड कांसाबेल के ग्राम दोकड़ा में ऐतिहासिक एवं प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के बीच भव्य रथयात्रा महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा पूरे वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ निकाली गई। पूरे दोकड़ा क्षेत्र में ₹जय जगन्नाथ₹ के जयघोष, शंख ध्वनि, घंटियों की मधुर ध्वनि, भजन-कीर्तन और हरिनाम संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं का उत्साह, भगवान के प्रति अटूट आस्था और रथ को खींचने की अद्भुत श्रद्धा ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

- हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भक्ति और संस्कृति का अनुपम संगम, 27 तक चलेगा महोत्सव

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने परंपरागत गजपति महाराजा की भूमिका का निर्वहन करते हुए धर्मपत्नी कौशल्या साय के साथ भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं माता सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। पूजा-अर्चना के पश्चात मुख्यमंत्री ने हजारों श्रद्धालुओं के साथ भगवान के रथ की रस्सी खींचकर रथयात्रा का शुभारंभ किया। श्रद्धालुओं ने भी पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ भगवान के रथ को आगे बढ़ाया। इस दौरान पद्मश्री जागेश्वर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, वरिष्ठ नागरिक कृष्ण कुमार राय, भरत सिंह, उपेंद्र यादव, सुनील गुप्ता, ओमप्रकाश साय, पुरुषोत्तम ठाकुर, बलराम भगत, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार सहित जगन्नाथ मंदिर आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।





### आस्था के साथ सामाजिक समरसता का भी संदेश



दोकड़ा की रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता और भारतीय परंपराओं का जीवंत प्रतीक भी है। इस आयोजन में सभी वर्गों और समुदायों के लोग एक साथ शामिल होकर भगवान श्री जगन्नाथ की भक्ति में लीन होते हैं। यही कारण है कि दोकड़ा की यह ऐतिहासिक रथयात्रा वर्ष दर वर्ष श्रद्धा, संस्कृति और लोक परंपराओं का विराट उत्सव बनकर नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य कर रही है।

### मौसीबाड़ी में नौ दिनों तक देंगे दर्शन

रथयात्रा के दौरान भगवान श्री जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा अपने भव्य रथ पर विराजमान होकर मंदिर से मौसीबाड़ी के लिए प्रस्थान किए। धार्मिक परंपरा के अनुसार भगवान नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में विराजमान रहकर श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। इस दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20 जुलाई को हेरा पंचमी, 24 जुलाई को बाहुड़ा यात्रा, 25 जुलाई को सुना वेश, 26 जुलाई को अधर पाना तथा 27 जुलाई को नीलाद्री विजय के साथ भगवान पुनः श्री जगन्नाथ मंदिर लौटेंगे।

### गजपति महाराजा की परंपरा का निर्वहन

ओडिशा के पुरी की ऐतिहासिक परंपरा के अनुरूप दोकड़ा में भी गजपति महाराजा द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ की सेवा और रथयात्रा का शुभारंभ कराने की परंपरा निभाई जाती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान के चरणों में नतमस्तक होकर प्रदेश के सर्वांगीण विकास, समृद्धि और जनकल्याण की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान छेरा पहरा रस्म भी अदा किया। इसके तहत गजपति महाराजा की भूमिका में उन्होंने सोने की बनी झाड़ू से भगवान के रथ के आगे का मार्ग साफ किया। सफाई करने के बाद रास्ते में पवित्र चंदन मिश्रित जल छिड़का गया। इसके बाद रथ को खींचने की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री के साथ हजारों श्रद्धालु रथयात्रा में शामिल हुए और भगवान के रथ को खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया।

### 17 से 21 तक होगी श्रीजगन्नाथ कथा

मंदिर समिति ने बताया कि आज रथ यात्रा प्रारंभ के साथ ओडिशा के कीर्तन मंडली की प्रस्तुति तथा विभिन्न झांकियां एवं विशाल मेला का आयोजन किया गया। रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत 17 से 21 जुलाई तक प्रतिदिन अपराह्न 3:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक प्रसिद्ध कीर्तनकार एवं कथा वाचक श्री कामता प्रसाद शरण जी द्वारा श्री जगन्नाथ महाप्रभु की संगीतमय कथा एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं को भगवान श्री जगन्नाथ की महिमा, भक्ति और सनातन संस्कृति से जुड़ी प्रेरणादायक कथाओं का श्रवण करने का अवसर मिलेगा।

## कस्तूरा की ऐतिहासिक रथयात्रा में उमड़ा जनसैलाब





जशपुर राजपरिवार के ऐतिहासिक प्रसिद्ध कस्तूरा रथयात्रा महोत्सव में इस वर्ष श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ा। अनुमानित 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने रथयात्रा में भाग लेकर भगवान के दर्शन किए। भारी भीड़ के चलते रथयात्रा के गुजरने के बाद मुख्य मार्गों पर लगभग 4 घंटे तक यातायात जाम की स्थिति बनी रही।

रथयात्रा में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। प्रमुख रूप से यश प्रताप सिंह जू देव, विक्रमादित्य सिंह जू देव विजय आदित्य सिंह जूदेव, कुंवरानी जया सिंह जूदेव, कृष्ण कुमार राय, सत्येंद्र सिंह, ठेकेदार व, पंडित नरेश मिश्रा, द्वारिका मिश्रा, मनोज रमाकांत मिश्रा, ओम प्रकाश साय, सुधीर पाठक, विनोद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक व्यवस्था रही चुस्त दुरुस्त

पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला। प्रशासन एवं स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभालने का प्रयास किया, लेकिन अत्यधिक भीड़ के कारण यातायात प्रभावित रहा। रथयात्रा के सफल आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# मनोरा संकुल समन्वयकों की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीआरसीसी कार्यालय, मनोरा में विकासखंड शिक्षा विभाग एवं अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संकुल शैक्षिक समन्वयकों (सीएसी) के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

कार्यशाला का मार्गदर्शन विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जगतपाल राम एवं बीआरसीसी आशुतोष शर्मा ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण को अधिक रोचक और छात्र-केंद्रित बनाना है। प्रशिक्षकों ने खेल-खेल में 'दूर-पास', 'आगे-पीछे' एवं 'छोटा-बड़ा' जैसी अवधारणाओं को समझाने के गुर सिखाए। साथ ही, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री जैसे पत्तियों, डंडियों और पेंसिल के माध्यम से तार्किक एवं गणितीय समझ विकसित करने के तरीके बताए गए। कार्यशाला में संकुल विकास योजना निर्माण और प्रधान पाठक प्रोजेक्ट पर विस्तृत चर्चा हुई। विद्यालयों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रसार के लिए 'बाल कैबिनेट' के गठन और 'बाल शोध' को प्रोत्साहित करने की रूपरेखा भी तैयार की गई। इसके अलावा, अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा स्कूलों की मॉनिटरिंग के लिए चेक-लिस्ट और 'मुस्कान पुस्तकालय' के संचालन हेतु रजिस्टर प्रारूप उपलब्ध कराए गए। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि पुस्तकालय के रजिस्टरों का संधारण स्वयं बच्चों द्वारा कराया जाए, ताकि उनमें आत्मविश्वास और उत्तरदायित्व की भावना पैदा हो सके।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यशाला में मनोरा विकासखंड के समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने सहभागिता की, जिनमें प्रमुख रूप से सत्यदीप प्रसाद, अजीत कुमार सिदार, श्रीमती सरिता टोप्पो, लोकनाथ प्रसाद यादव, संजय प्रसाद यादव, राम लखन यादव, निर्दोष कुमार, प्रेम कुमार यादव, प्रेमलाल बर्मन, दिनेश त्रिपाठी, मुनेश्वर यादव, प्रशांत सड़ंगी, विवेक गुप्ता, किशोर यादव, पवन कुमार सिंह, हरीश कुमार महंत, जागेश्वर प्रसाद यादव, उपेंद्र कुमार पंकज, कालेश्वर राम भगत, श्रीमती सुमन भगत, राजेश विश्वकर्मा, सुरेश कुमार राम, लक्ष्मी नारायण भगत, बीरबल राम एवं सुरेश कुजूर सहित अन्य शिक्षाविद उपस्थित रहे।

### शिक्षा ही समाज की बड़ी ताकतः शिक्षित चौहान

**पुसौर।** शिक्षा ही समाज की बडी ताकत है इस तथ्य को समझने और अंगीकार करने वाले मंडल उपाध्यक्ष शिक्षित चौहान ने छात्रों को प्रोत्साहित करने स्कूल पहुंचे। उन्होंने स्कूलों में जाकर बच्चों को शैक्षणिक सामग्री भेंट की और उनका मुंह मीठा कराया। शिक्षित चौहान के इस सेवा भाव की चर्चा न सिर्फ भाजपा संगठन में हो रही है, बल्कि चौहान परिवार सहित क्षेत्र के आम लोगों के बीच भी हो रही है। जानकारी के अनुसार शिक्षित चौहान मंडल उपाध्यक्ष बनने के बाद से लगातार आम जनता के बीच सक्रिय हैं। वे क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण कराने में जुटे हुए हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, नए राशन कार्ड निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से तत्काल कराने की पहल वे करते रहे हैं।

## कांग्रेस ने की सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

**जशपुरनगर।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में स्थित भगवान श्रीराम मंदिर में हुए चढ़ावा चोरी के मामले में कांग्रेस ने सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायधीशों से निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है।

गुरूवार को जिला कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुमित शर्मा ने कहा कि यह मामला देश और विदेशों में बसे हुए करोड़ों हिंदुओं की आस्था से जुड़ा हुआ है। इसलिए सच्चाई को जनता के सामने लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि चढ़ावा में गड़बड़ी का मामला उजागर होने के बाद से केंद्र व राज्य सरकार ने जो भी टुकड़े- टुकड़े में कार्रवाई की है,वह मामले की सच्चाई उजागर कर,दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए कम और मामले में लीपापोती करने के लिए अधिक की गई है। जिला उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि आम जनता की भावना और मांग को सामने लाने के लिए कांग्रेस देश भर में पत्रकारवार्ता कर रही है।




उन्होनें कहा कि सबसे पहले जनता को यह जानने का अधिकार है कि शीला पूजा से लेकर अब तक राम मंदिर में कितना चढ़ावा आया,कितना खर्च हुआ और कितना शेष है? इसके साथ ही जो भी गड़बड़ी हुई उसके लिए कौन-कौन जिम्मेदार हैं? और उनके विरूद्ध क्या कार्रवाई की जा रही है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होनें कहा कि भगवान श्रीराम और राम मंदिर के नाम पर राजनीति कर सत्ता में आने वाली भाजपा का शीर्ष नेतृत्व ने इस पूरे मामले में मौन धारण कर लिया है। यह कदापि उचित नहीं है। उन्हें देश को बताना चाहिए कि इस पूरे मामले में गड़बड़ी क्यों और कैसे हुई?दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में इस तरह की गड़बड़ियों को रोकने के लिए क्या प्रबंध किया जा रहा है। इन सारे प्रश्नों का उत्तर जानना देश की जनता का अधिकार है। पत्रकारवार्ता में नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष हीरू राम निकुंज, सहस्त्रांशु पाठक, मनमोहन भगत, सतीश गुप्ता ,अमित महतो, आफताब खान, गोलू खान, चांद खान सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सड़क किनारे डंप राख के ढेर से बढ़ी परेशानी, हवा में उड़कर पहुंचा रहे नुकसान

**पुसौर।** सड़क किनारे अवैध रूप से डंप किए गए राख के ढेरों के कारण राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मुख्य सड़क के ठीक किनारे सफेद और काले रंग की राख की बड़ी-बड़ी पातियां लगी हुई हैं। इसके पीछे मिट्टी के भी ऊंचे-ऊंचे टीले दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज हवा चलने पर राख उड़कर सीधे सड़क पर और घरों में जाती है। इससे न सिर्फ आवागमन में दिक्कत होती है बल्कि सांस और आंखों की बीमारी का खतरा भी बढ़ गया है। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है क्योंकि राख उड़ने से विजिबिलिटी कम हो जाती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि राख को खुले में रखने से पर्यावरण भी दूषित हो रहा है। बरसात में यही राख बहकर खेतों और नालियों में चली जाएगी जिससे जल और जमीन दोनों प्रदूषित होंगे। लोगों की मांग है कि प्रशासन तुरंत संज्ञान लेकर राख को सड़क किनारे से हटवाए और उसे ढककर रखने या निर्धारित स्थान पर डंप कराने के निर्देश दे। साथ ही जिनके द्वारा यह राख यहां डाली गई है उन पर कार्रवाई भी की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासियों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है। ज्ञात हो कि यह राख पुसौर के मंषाटार के आसपास है, बताया जाता है कि यह जलचर भूमि था जो अब किसी के नाम में दर्ज है वहीं कई लोग अपने निजी खेतों में भी इसे पाटने के लिये रखे हैं इसकी स्वीकृति कैसे मिली है और कहां से यह राख आया यह किसी के जानकारी में नहीं है लेकिन बहरहाल उडते राख के लिये लोग परेशान है।



## जिले की 44 सहकारी समितियां बनेंगी कॉमन सर्विस सेंटर

**जशपुरनगर।** ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का विस्तार और वित्तीय समावेशन को गति देने के उद्देश्य से जशपुर जिले की सभी 44 सहकारी समितियों को कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।

- ग्रामीणों को गांव में ही मिलेंगी 20 से अधिक डिजिटल सेवाएं

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में 16 जुलाई को जिला पंचायत के सभागार में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में रायपुर से पधारे कॉमन सर्विस सेंटर के राज्य परियोजना प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार दास ने उपस्थित सहकारिता विभाग के अधिकारियों, समिति प्रबंधकों, कम्प्यूटर ऑपरेटरों एवं कर्मचारियों को सीएससी के संचालन, डिजिटल सेवाओं के विस्तार एवं लैम्प्स के माध्यम से विभिन्न सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ग्रामीण नागरिकों को आधार आधारित सेवाएं, बिजली और पानी के बिलों का भुगतान, मोबाइल एवं डीटीएच रिचार्ज, बैंकिंग एवं बीमा सेवाएं, डिजिटल भुगतान, किसान हितग्राही सेवाएं तथा ई-गवर्नेंस जैसी अनेक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा सकेंगी। बैठक में जानकारी दी गई कि पैक्स पुनर्गठन 2025 के पश्चात जशपुर जिले में कुल 20 नवीन सहकारी समितियों का गठन किया गया है। शासन की प्राथमिकता है कि इन समितियों को बहुउद्देशीय सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। इससे समितियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी, अतिरिक्त आय के स्त्रोत विकसित होंगे तथा ग्रामीण जनता को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी।

धूमधाम से मना जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

# प्रवेश उत्सव में शिक्षा के महत्व पर दिया गया जोर, नवप्रवेशियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में शिक्षा सत्र 2026-27 का शुभारंभ उत्सव के साथ मनाया गया। इसी क्रम में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सालिक साय, अध्यक्ष जिला पंचायत जशपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में शंभू नाथ चक्रवर्ती, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड, अरविंद कुमार भगत अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जशपुर, गंगाराम भगत अध्यक्ष जनपद पंचायत जशपुर, आलोक सारथी, राजू गुप्ता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, विजय सहाय एवं शैलेन्द्री यादव पार्षद उपस्थित रहे। सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कक्षा पहली, कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवमी के छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, फूल-माला पहनाकर, मुंह मीठा कराकर नई पुस्तक एवं स्कूल यूनिफॉर्म प्रदान कर शिक्षा ग्रहण हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। सेजस हिंदी माध्यम स्कूल की छात्राओं एवं महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय जशपुर की छात्राओं द्वारा शिक्षा पर आधारित गीतों में नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिन्हा ने प्रवेश उत्सव का प्रतिवेदन पठन किया एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं की छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत निःशुल्क साइकिल का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का समापन विनय कुमार सिन्हा द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।



कार्यक्रम को सफल बनाने में एपीसी दीपा गुप्ता, प्रोग्रामर अरुण चंद्रा, श्रीमती कल्पना टोप्पो, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जशपुर टुमनू गोस्वामी, एबीओ जशपुर जयेस टोपनो, व्याख्याता सेतराम पटेल, वीरेंद्र कुमार सिन्हा, गणेश कुमार सिन्हा, राजेश कुमार अम्बष्ट, प्राचार्य सेजस श्रीमती रोजालिया डुंगडुंग, संजय प्रसाद एवं श्री अजय कुमार चौबे का विशेष योगदान रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411